थाना प्रभारी का स्थानांतरण होने पर घोड़ी पर बिठाकर विदाई दी

- 35 संस्थाओं द्वारा अभिनंदन किया गया
- राजलदेसर कस्बा होली पर हमेशा याद रहेगा

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर पुलिस थाना के थाना प्रभारी कमलेश सैनी के स्थानांतरण होने पर एवं राजलदेसर में पहली बार सीआई के पद पर सुरेंद्र कुमार बारूपाल के लगने पर विदाई समारोह एवं स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतनगढ़ पुलिस उपाधीक्षक इनसार अली कार्यक्रम की अध्यक्षता पशुपालन विभाग के पूर्व रिटायर्ड संयुक्त निदेशक डॉक्टर हीरालाल सोनी, रतनगढ़ पुलिस थाना अधिकारी सुभाष कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर कपिल के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मंच पर विराजित अतिथियों का पुलिस प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया एवं राजलदेसर कस्बे की 35 से अधिक सामाजिक संस्थाओं के द्वारा थाना प्रभारी कमलेश सैनी एवं सीआई सुरेंद्र कुमार बारूपाल का अभिनंदन किया गया । जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतनगढ़ पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि पुलिस के द्वारा जनता के साथ व्यवहार कैसा हो एवं जनता के कार्य कैसे हो इसका उदाहरण पेश करने की जरूरत नहीं है उदाहरण आपके सामने हैं जो आज यह सम्मान समारोह आयोजित हो रहा है । जिसमें कस्बे के प्रतिष्ठित व्यक्ति बैठे हैं उनके द्वारा सम्मान किया जा रहा है इससे बड़ा प्रमाण कोई नहीं है इस अवसर पर पशुपालन विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक डॉ हीरालाल सोनी ने 1 साल की उपलब्धियां के बारे में थाना अधिकारी के बारे में अवगत करवाया।

साथ ही सीआई सुरेंद्र कुमार बारूपाल ने कहा इतना मान सम्मान हम लोगों को दिया है निश्चित रूप से राजलदेसर के अंदर शानदार कार्य करेंगे साथ ही राजलदेसर की जनता का सहयोग बहुत जरूरी है कार्यक्रम में स्थानांतरण हुए थाना प्रभारी कमलेश सैनी ने कहा 1 साल के कार्यकाल में आप लोगों ने जो मान सम्मान दिया है मेरे पास कोई शब्द नहीं है एक साल के कार्यकाल के अंदर मैंने ईमानदारी के साथ जनता की सेवा की है उस जनता की सेवा का ही प्रतिफल आज सामने मेरे को दिखाई दे रहा है साथ ही राजलदेसर के होली के पावन पर्व को मैं कभी नहीं भूल सकता जहां भी रहूं होली के पावन पर्व पर जरूर राजलदेसर आऊंगा इस अवसर पर थाना प्रभारी को घोड़ी पर बिठाकर डीजे बजे की धुन पर नाचते गाते हुए पुष्प वर्षा करते हुए उनके निवास स्थान तक पहुंचाया गया। जमकर आतिशबाजी भी की गयी।

कार्यक्रम के दौरान कस्बे के इन व्यक्तियों ने किया संबोधन पवन बोथरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश माली सैनी समाज के अध्यक्ष शंकरलाल लाल खडोलिया, हम कामगार समाज रतनगढ़ के तहसील अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल, मंगतमल पाण्डिया, ललित दाधीच, भादर भामू , लालचंद प्रजापत, रतनलाल बारूपाल, मोहम्मद शरीफ, भाजपा नगर अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, हनुमान सेवा समिति के किशन पुजारी, गिरधारी सिंह राठौड़ डॉ. मोहन मेघवाल आदि वक्ताओं ने संबोधित किया।

इन संस्थाओं द्वारा किया गया स्वागत हम कामगार समाज, राजलदेसर, रतनगढ़ , माली सैनी समाज, व्यापार मंडल, हनुमान सेवा समिति, श्री राजलदेसर गौशाला, श्रीनाथ नगर गौशाला, यूनियन क्लब,राजाणा मिट्टी प्रेमी सेवा समिति, नगर पालिका उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश घिंटाला, मेघवाल समाज, पूनम चंद गर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम शर्मा , माली सैनी समाज नवयुवक मंडल, टेंट एसोसिएशन, पत्रकार संघ, श्री श्याम मित्र सेवा समिति, प्रगतिशील प्रजापति संघ,भगत सिंह ग्रुप, अखिल भारतीय किसान सभा, मेघवाल महासभा, समाजसेवी पूनम महावर, भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, समाजसेवी पवन मारू, हीरो मोटर कंपनी, अखिल भारतीय जांगिड महासभा, मेढ क्षित्रय स्वर्णकार समिति, केमिस्ट जेठमल, गांधी चौक नृत्य कला मंडल,सहित सैकड़ों व्यक्तियों ने स्वागत किया।

यह व्यक्ति उपस्थित थे मोहनलाल महावर, जोराराम माली, सांवरमल सुथार, कालूराम तंवर, सुभाष संचेती, मूलचंद सोनी, बाबूलाल कत्थक, गंगाराम सनी, राम अवतार सोनी, दिनेश भार्गव, सीताराम गर्ग, भवानी सैनी मंत्री, मांगीलाल प्रजापत ,मोहनलाल घंटेलवाल, भगवाना राम कुचेरिया, कालूराम प्रजापत, शीतल प्रकाश ख डोलिया, आदि सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित थे।

गाइड व रेंजर अभिशषा शिविर आयोजित

सीकर, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार गाइड एवं रेंजर अभिशषा शिविर स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बड़ा तालाब सीकर एवं पशुपालन विभाग के मैदान पर 10 से 13 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर में जिला सीकर के स्थानीय संघ लक्ष्मणगढ़, नीमकाथाना, रींगस, शिवसिंहपुरा, अजीतगढ़, सीकर, थोई एवं पाटन क्षेत्र के विद्यालयों से गाइड्स एवं रेंजर्स भाग ले रही हैं। शिविर का ध्वजारोहण रेंजर लीडर एवं मुख्य परीक्षक सुमित्रा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्काउटिंग गाइडिंग बालक-बालिकाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। अभिभावक अपने बच्चों को स्काउट गाइड गतिविधियों से अवश्य जोड़ें। अभय सिंह शेखावत ने विभिन्न परीक्षाओं की बारीकियों से जानकारी प्रदान करते हुए अपने अनुभव साझा किए। गाइड की मुख्य परीक्षक शांति स्वामी ने गाइड्स को रुचि व लगन के साथ स्काउटिंग गाइडिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज सेवा में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

सार्वजनिक निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ख्याल रखें : महर्षि

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने गुरुवार को शहर के वार्ड नंबर 44 व वार्ड नंबर 4 में सड़क निर्माण स्थल पर जाकर सडक निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया।

इस दौरान महर्षि ने अधिकारियों को सड़क निर्माण जैसे सार्वजनिक कार्यों में गुणवत्ता का ख्याल रखने के साथ ही तय समय में निर्माण कार्य पूरा करवाने के निर्देश भी दिया। वार्डवासियों ने महर्षि एवम अन्य भाजपा नेताओं का साफा,दुपट्टा पहनाकर एवम एक दुसरे को मिठाइयां खिलाकर स्वागत एवम अभिनन्दन किया। महर्षि ने कहा कि प्रदेश के मुखिया भजनलाल शर्मा एवम स्वायत शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा प्रदेश के विकास को लेकर संकल्पित है। भाजपा शहर मण्डल के पदाधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में जाकर वार्डवासियों की मांग को देखते हुए निर्माण कार्य शुरू करवा रहे है इसके साथ ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर उचित निगरानी भी की जा रही है।

भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेश सैनी ने कहा कि शहर के वार्ड नंबर 44 में बीटी सडक निर्माण कार्य दुग्गड कोम्प्लेक्स से खेमका पार्क वाया आनन्दीलाल सारस्वत के घर से होते हुए आँखों की अस्पताल के पीछे की गली को शामिल करते हुए खेमका पार्क तक लगभग 21.34 लाख रुपये की लागत से एवम वार्ड नंबर 04 में नई सड़कें क्रमशः सी.सी. सडक निर्माण कार्य चम्पालाल के प्लाट से बाबूलाल स्वामी के घर तक, बजरंग के घर से राजकुमार स्वामी के घर तक लगभग 17.11 लाख रुपये की लागत से, सी.सी सडक निर्माण कार्य दिनेश कुमार के घर से जालूराम के घर तक लगभग 20.28 लाख रुपये की लागत से,सी.सी. सडक निर्माण कार्य सुमन कँवर के प्लाट से संतलाल के घर तक वाया महेंद्र के घर से बीरबल सिंह के घर तक लगभग 18.03 लाख रुपये की लागत से, सी.सी. सड़क निर्माण कार्य लिंक रोड से नेमीचन्द के घर तक वाया प्रभुनाथ मंडा लगभग 24.75 लाख रुपये की लागत से,सी.सी. सड़क निर्माण कार्य भंवरी देवी के घर से हर्ष यादव के घर तक, नोपाराम की जमीन से विजय सिंह के घर तक व राजकुमार के घर से इन्द्रचंद काछवाल के घर तक लगभग 18.95 लाख रुपये की लागत से नई सडकों का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है।

इस अवसर पर भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, बजरंग गुर्जर, दीनदयाल पारीक, जिला प्रवक्ता ओम महर्षि, शहर मण्डल उपाध्यक्ष निरंजन रुन्थला, संजय सारस्वत, किशन सैनी, सुभाष भूण, मण्डल महामंत्री दीपक मुरारका, मण्डल मंत्री भीवराज प्रजापत, हेमन्त पंवार, कन्हैयालाल चौमाल, हिम्मत सिंह, प्रवीण शर्मा, हनुमान सिंह, पृथ्वी सिंह, रामवतार पुजारी, ओमप्रकाश महर्षि, रामावतार शर्मा, महेश इन्दौरिया, रमेश सारस्वत, परमेश्वरलाल वर्मा, रामधन महर्षि, बनवारी गौड, सुशील इन्दौरिया, राकेश गौड, प्रदीप सैनी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता एवम वार्डवासी उपस्थित थे।

स्काउट गाइड को ड्रेस का वितरण

सीकर (निसं)। सीकर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समर्थपुरा में सेवार्थ फाउंडेशन के द्वारा स्काउट की बालिकाओं को गर्म जैकेट वितरित की गई। संस्था के मुख्य भामाशाह आनंद सिहोटिया ने बताया कि भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी मैं भाग लेने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय समर्थपुरा सीकर के आठ गाइड व एक गाइड कैप्टन पहली बार राष्ट्रीय स्तरीय जंबूरी में भाग लेंगे व स्थानीय संघ सीकर का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों जैसे मार्चपास्ट सिग्नेलिंग, हैंडीक्राफ्ट, नृत्य, वेस्ट से बेस्ट आइटम बनाना, शिविर कला, प्रदर्शनी स्किलोंरामा, आदि की तैयारी कर रही है। विद्यालय से जंबूरी में गाइड कैप्टन पुष्पा भाकर के नेतृत्व में गाइड गजल , मोनिका, नेहा, अलका शर्मा, सनी, पूजा, मोनू मुस्कान भाग लेंगे। बालिकाओं को आज स्काउट गाइड ड्रेस का वितरण किया गया जिस में गर्म जैकेट सेवार्थ फाउंडेशन की ओर से एक ड्रेस और जूते स्टाफ की ओर से एक ड्रेस सहगल परिवार की ओर से दिए गए।

पोस्टर का विमोचन कर सांस अभियान का शुभारंभ किया

- सांस अभियान के तहत निमोनिया से बचाव के लिए किया जाएगा जागरूक
- निमोनिया नहीं तो बचपन सही थीम पर गतिविधियों का आयोजन होगा

सीकर (निसं)। चिकित्सा विभाग के सांस अभियान बुधवार से शुरू हुआ। इस मौके पर जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य भवन में अभियान के संबंधित पोस्टर का मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चैधरी, सहायक लेखा अधिकारी डॉ बजरंग सिंह बगडिया ने विमोचन कर अभियान का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत निमोनिया नहीं तो बचपन सहीं टेक लाइन व थीम पर विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा शून्य से पांच साल तक के बच्चों की निमोनिया से बचाव की लक्षणों के अधार पर स्क्रीनिंग की जाएगी और बचाव व उपचार के लिए उनके परिजनों को जानकारी देकर जागरूक किया जाएगा।

जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि अभियान के तहत आशा, एएनएम व सीएचओ, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी सभी के दायित्व निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आशा, एएनएम व सीएचओ द्वारा शून्य से पांच साल तक के बच्चों की लक्षणों के आधार पर स्क्रीनिंग की जाएगी और लक्षण नजर आने पर प्राथमिक उपचार देकर बच्चे को उपचार के लिए रैफर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाडी केन्द्रों और सब सेंटर पर गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और स्क्रीनिंग की जाएगी।

उन्होंने बताया कि शून्य से पांच साल तक के बच्चों की मृत्यु के कारणों में से निमोनिया भी एक प्रमुख कारण है। इसके बचाव के लिए विभाग की ओर से प्रति वर्ष सांस अभियान का आयोजन किया जाता है। इसके तहत आमजन को जागरूक करने के साथ साथ शून्य से पांच साल तक के बच्चों को निमोनिया से बचाव संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश गहलोत तथा एनयूएचएम के प्रदीप चाहर आदि मौजूद थे।

जिले के थानों और डीएसपी कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया

- पुलिस मुख्यालय से आईजी क्राइम परम ज्योति झुंझुनूं पहुंची

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान पुलिस मुख्यालय से आईजी क्राइम परम ज्योति गुरूवार को दो दिन के दौरे पर झुंझुनूं पहुंची। आईजी परम ज्योति पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर झुंझुनूं जिले के पुलिस थानों व डीएसपी कार्यालयों की कार्यप्रणाली व रिकॉर्ड के रखरखाव आदि का निरीक्षण करने आई है। पहले दिन सबसे पहले आईजी परम ज्योति ने झुंझुनूं के सदर थाने और झुंझुनूं डीएसपी कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय समेत अन्य पुलिस अधिकारी साथ थे। इस मौके पर सदर थाने के बैरक से लेकर रिकॉर्ड रूम तक सभी का आईजी ने निरीक्षण किया और थाने की कार्यप्रणाली और रिकॉर्ड संधारण से संतुष्ट नजर आई। आईजी परम ज्योति ने बताया कि वे दो दिन के झुंझुनूं दौरे पर आई है। पहले दिन थानों और वृत्ताधिकारी कार्यालयों की कार्यप्रणाली को देखा जा रहा है। जो निर्देश मुख्यालय द्वारा जिलों में दिए जाते है। उनकी पालना, रिकॉर्ड की मेंटीनेंस और पुलिस कार्मिकों का मनोबल आदि देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान व पुलिस कर्मियों ने नए कानूनों और सीसीटीएनएस को लेकर भी चर्चा करेगी। इसके बाद यदि कोई आवश्यकता मुख्यालय स्तर की होगी। उसे मुख्यालय को रिपोर्ट में लिखकर दिया जाएगा। इधर, पुलिस लाइन में जर्जर हो चुके आवासों को लेकर आईजी ने कहा कि जो आवास जर्जर हो चुके है। वहां कोई भी कार्मिक और उसका परिवार आवासित नहीं है।

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश:- निरीक्षण के दौरान आईजी परम ज्योति ने रिकॉर्ड संधारण, लंबित प्रकरणों की स्थिति, पंजीयन रजिस्टर, मालखाना का रखरखाव, शस्त्रागार, सरकारी वाहन, साफ-सफाई, कार्यप्रणाली, अनुशासन व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों की प्रगति, सामुदायिक पुलिसिंग और कर्मचारियों के आवास-कल्याण का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रकरणों में संवेदनशील व्यवहार, लंबित मामलों के जल्द निस्तारण, महिला एवं कमजोर वर्ग के विरुद्ध अपराधों पर विशेष ध्यान देने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। साथ ही थानाधिकारी व अन्य पुलिस अधिकारियों को जनसंपर्क बढ़ाने, थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने तथा गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस मौके पर एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय के अलावा एएसपी देवेंद्रसिंह राजावत, एएसपी क्यूआईडीटी फूलचंद मीणा, एएसपी सिकाउ हेमंत कुमार सहित संबंधित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। एसपी ने आश्वस्त किया कि आईजी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करते हुए जनसेवा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

द'कस्बे में कानून व्यवस्था बनाने का पहला उद्देश्य रहेगा'

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर पुलिस थाना में पहली बार सीआई सुरेंद्र कुमार बारूपाल ने राजलदेसर पुलिस थाना में विधि विधान से ज्वाइन करने के बाद उन्होंने पूरे पुलिस थाना परिसर का निरीक्षण किया निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा राजलदेसर में कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस के साथ-साथ आमजन का सहयोग भी रहेगा इसके अलावा अपराधियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाएगा साथ ही अवैध व्यापार करने वाले व्यक्तियों की खेर नहीं होगी इसके अलावा उन्होंने कहा राजस्थान सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत जो भी नेशनल हाईवे रोड पर वाहन चलाते समय शराब का सेवन करते हुए पाया गया तो उस पर कठोर कार्रवाई होगी साथ ही यातायात के नियमों की अवैलना करने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा इसके अलावा उन्होंने विशेष कर युवाओं से कहा कि ठगी से एवं साइबर ठगी से सावधान रहे साथ ही मोटरसाइकिल चलाते वक्त विशेष कर हेलमेट लगाकर जाए।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित

सीकर, (निसं)। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेन्द्र कुमार चौधरी के निर्देशानुसार ग्रामीण महिला महाविद्यालय, सीकर में प्राचार्य डॉ. सुभास जाखड़ के समन्वय से बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा एवं समान केन्द्र की प्रबंधक नीलम कुमारी तथा अधिवक्ता कृष्णा सोनी द्वारा छात्राओं को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने समाज में व्याप्त बेटा-बेटी भेदभाव, बाल विवाह, साइबर क्राइम तथा राज कॉप सिटिजन ऐप के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इसके साथ ही लाडो प्रोत्साहन योजना एवं बालिकाओं से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ थीम पर स्केच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें वंशिका ने प्रथम, रुचिका ने द्वितीय, अनुष्का वर्मा ने तृतीय तथा लक्की ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप खेस एवं विभागीय डायरी प्रदान की गई।

रामकथा में जन सैलाब उमड़ा

रतनगढ़ (निसं)। शहर के चौथा पुलिया के पास शिवाजी सेवा संस्थान के प्रांगण में मिटावा परिवार की ओर से हो रही संगीतमय श्री राम कथा के प्रातः प्रवचन में संत प्रहलाद महाराज ने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथ गीताजी, रामायणजी व महाभारत ज्ञान के गहरे ग्रंथ है, कोई मनोरंजन के साधन नहीं है। ये ग्रंथ जनसाधारण मानव को आदर्श जीवन जीने का मार्ग बताते हैं। इनके अध्ययन से मानव अच्छी विचारधारा पर आकर आत्म शुद्धि होती है।भगवान ने स्वयं इन ग्रंथो में कहा है कि इस संसार में कोई विलक्षणता देख रही है तो वह मेरी है। आज हम भगवान के द्वारा बनाई वस्तु को तो चाहते हैं पर भगवान को नहीं चाहते। भगवान और भक्त में घनिष्ठ एकाग्रता निष्काम भाव से ही आती है। संत तो रास्ता बता सकते हैं, करना तो आपको पडेगा। राम कथा हमें यह प्रेरणा देती है कि संकट में भी सत्य से विमुख न हो, अपने वचनों का पालन करें ।भगवान राम तो सर्वव्यापी है ।इस धरा के कण कण में व्याप्त है। साधक को चाहिए कि वह हर समय भगवत कृपा का ही चिंतन करता रहे ।भगवान की भक्ति से मनुष्य के भाव बदलते हैं। भक्तिमय वातावरण में महाराज ने आज अपनी ओजस्वी मधुर वाणी में राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुध्न विवाह उत्सव पर अयोध्या और जनकपुरी में विवाह उत्सव ,राम वनवास व केवट प्रसंग के प्रसंगों को मर्म से समझाकर धर्म श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। कथा शुरू होने से पूर्व मुख्य यजमान गोविंदप्रसाद मिटावा दंपती व जयदेव प्रसाद मिटावा परिवार ने व्यासपीठ की पूजा अर्चना की। प्रतिदिवस प्रवचन पंडाल में सैकडों बच्चों को गीताजी के श्लोक सिखाए जा रहे है। भागवत कथा में गोविंदप्रसाद सिंगोदिया, लक्ष्मी नारायण मिटावा, हिमांशु मिटावा, भंवरलाल मिटावा, विधायक पूसाराम गोदारा, जोशी सहित नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने धर्म प्रवचन का आध्यात्मिक लाभ उठाया।

एसडीएम को ज्ञापन दिया

चिड़ावा (निसं)। शहर के राजकीय उप जिला अस्पताल में दोपहर में डॉक्टर्स ने कार्य बहिष्कार कर दिया और सभी डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ के साथ पैदल मार्च करते हुए पंचायत समिति पहुंचे और वहां पर अटल सेवा केंद्र पर मौजूद एसडीएम नरेश सोनी को ज्ञापन देकर डॉक्टर्स और नर्सिंग साथ मरीजों को वीडियो बनाकर डराने, धमकाने वाले असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।बीसीएमओ डॉ. संत कुमार जांगिड़, पीएमओ डॉ. नितेश जांगिड़, डॉ. रघुवीर मील, डॉ. रघुवीर मील, डॉ. टीना ढाका ने एसडीएम को बताया कि दो दिन से कुछ युवक अस्पताल परिसर में वीडियो बना रहे थे और बार बार डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ को धमका रहे है। इस दौरान काफी संख्या में डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ मौजूद रहा। एसडीएम नरेश सोनी ने पूरे मामले को लेकर डीएसपी से बात की और उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

सीईओ ने विभिन्न ग्राम पंचायत के कार्यों का औचक निरीक्षण किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाशचंद्र यादव द्वारा पंचायत समिति झुंझुनूं के अधीनस्थ ग्राम पंचायतों का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत दोरासर में विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत राजस्व ग्राम खतेहपुरा में शहीद श्रीराम गावड़िया राउमावि में कक्षा कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसके अलावा मनरेगा योजना के तहत राउप्रावि मेघवाल बस्ती दोरासर में पौधशाला निमार्ण कार्य, वन विभाग नर्सरी दोरासर का निरीक्षण किया गया। यादव द्वारा वन विभाग नर्सरी दोरासर का निरीक्षण के दौरान मौके पर श्रमिक उपस्थित नहीं पाए गए और वहां पर मौजूद गार्ड द्वारा गुमराह करने की कोशिश करने पर संबंधित कर्मचारी व वहां पर मौजूद गार्ड के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत दोरासर के ग्राम विकास अधिकारी को ग्राम पंचायत में स्वच्छता के संबंध में सख्त निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत कुलोद कलां में सीईओ ने निरीक्षण ने मनरेगा योजना के तहत राजस्व ग्राम अजाडी खुर्द संजय कॉलोनी चारागाह भूमि में चारागाह विकास व पौधारोपण कार्य, ग्राम अजाड़ी खुर्द के शमशान भूमि में पंचायत पौधशाला विकसित करना, विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत राउमावि अजाडी खुर्द में कक्षा कक्ष मय बरामदा निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत की और समस्त कार्यों की स्थिति व गुणवत्ता की जांच की जिसमें समस्त कार्यों को समय पर पूर्ण करने और गावं में बनी नालियों, सडकों, राजकीय भवनों, आम चौक और समस्त ग्राम में स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम को स्वच्छ बनाने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत पातुसरी में निरीक्षण के दौरान मनरेगा योजना तहत आंगबाड़ी केंद्र में पौधशाला विकसित करना, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवासों का निरीक्षण किया गया। विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पातुसरी में अतिरिक्त वार्ड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। सीईओ द्वारा ग्राम पंचायत पातुसरी के भ्रमण के दौरान ग्राम पातुसरी में सड़क पर पानी भरा हुआ मिला। जिसके संबंध में ग्राम विकास अधिकारी व सरपंच को पानी भराव को रोकने के लिए सख्त आदेश दिया और स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत में कहीं भी गंदगी नहीं होने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता विजेंद्र सिंह ढाका, विकास अधिकारी सीताराम, समन्वयक श्यामप्रकाश एवं अन्य जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यालयः- प्रीतम कुमार शर्मा ऐडवोकेट
न्यायालय परिसर, राजगढ जिला चूरू
पोस्ट सादुलपुर पिन 331023
सर्वसाधारण को सूचनार्थ
दिनांकः-13.11.2025

मुझे श्री मानसिंह पुत्र पुत्र श्योराम जाति जाट सहारण निवासी राघाखेटी तहसील राजगढ जिला चूरू (राज.) ने अपना अधिवक्ता नियुक्त किया है, जिनकी हिदायतानुसार एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण की सूचनार्थ हर आम शख्स को सूचित किया जाता है कि मेरा अभिभाष्य भारतीय सेना से सेवानिवृत 72 साल का वरिष्ठ नागरिक है, जिसकी समाज व अपने क्षेत्र मे अच्छी मान प्रतिष्ठा व ईज्जत है। मेरे अभिभाष्य का सगा पुत्र अशोक कुमार उम्र 41 साल जो पिछले 10 सालो से मेरे अभिभाष्य व अपनी माता चन्द्रकला से पृथक अपने परिवार सहित गुजरात राज्य मे रहता है तथा ट्रांसपोर्ट व गाडियो का काम करता है। पिछले 10 सालो से मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी चन्द्रकला से अपने पुत्र अशोक कुमार का आना जाना व उठ बैठ नही है। अशोक कुमार, मेरे अभिभाष्य व अपनी माता के कहने मे नही है तथा ना ही अशोक कुमार अपनी माता पिता की देखभाल सेवा चाकरी कर रहा है। अशोक कुमार सामाजिक व नैतिक मूल्यो व कर्तव्यो की पालना नही कर रहा है। इस नोटिस के प्रकाशन द्वारा हर आम शख्स को सूचित किया जाता है कि अगर कोई व्यक्ति, वितिय संस्था, बैंक या फाईनेंस कंपनी मेरे अभिभाष्य के पुत्र अशोक कुमार से किसी भी प्रकार का लेन देन या संव्यवहार करती है तो इसके सम्बंध मे मेरा अभिभाष्य व उसकी पत्नी चन्द्रकला किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही है तथा ना ही होगे। अशोक कुमार से लेन देन व संव्यवहार करने वाला शख्स ही इस सम्बंध मे स्वयं पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा। अशोक कुमार के द्वारा किये गये किसी भी प्रकार के अपराध, अपकृत्य विधिविरूद्ध कार्य के प्रति मेरा अभिभाष्य मानसिंह व उसकी पत्नी चन्द्रकला किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही है। सर्वसाधारण की सूचनार्थ नोटिस प्रकाशित करवाया जा रहा है। हर आम शख्स अवगत रहे।

प्रीतम कुमार शर्मा एडवोकेट राजगढ (चूरू)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)
क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/ दिनांकः 11/11/2025

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन पत्नि श्री लाल चन्द वर्मा निवासी वक 7 आरडब्ल्युएन, 4 डीडब्ल्युएन तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ ने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर सैक्टर सिनेमा मार्केट भूखण्ड सं. 29 साईज 10'गुणा 15' यानि 150 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन किया है। जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती बाधो देवी पत्नि श्री इन्द्रसिंह जाट के नाम से साईज 10' गुणा 15' फुट का जारीशुदा है। पूर्व पालिका आदेश क्रमांक 137690 दिनांक 23.07.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री लिछमाराम के नाम से जारीशुदा है। श्री महेन्द्र सिंह ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयानामा दिनांक 12.09.2025 द्वारा श्रीमती सुमन पत्नि श्री लाल चन्द वर्मा को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर